आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 05.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समापन अवसर पर विभूतियों को प्रदान किया राज्य अलंकरण।

2— उपराष्ट्रपति आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजनांदगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल हुए।

3— छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने नवा रायपुर में रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन किया।

और

4— सिखों के प्रथम गुरु और सिख पंथ के संस्थापक गुरुनानक देवजी की जयंती आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है—कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आज राज्य के विभिन्न स्थानों पर पुन्नी मेले का आयोजन किया गया।

-------------

**छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव—समापन समारोह**

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नवा रायपुर में एक नवंबर से आयोजित किए जा रहे रजत महोत्सव का आज समापन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन शामिल हो रहे हैं। समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया।

इससे पहले, समारोह को राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी संबोधित किया।

**उपराष्ट्रपति–राजनांदगांव–01**

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजनांदगांव में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव के अवसर पर लखपति दीदी का यह सम्मेलन महिलाओं के स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता और उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी की यह पहल हमारे देश की महिलाओं की शक्ति और संकल्प का प्रतीक है, जो चुनौतियों को अवसर में बदल रही हैं। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि लखपति दीदी शब्द केवल आय का संकेत नहीं, बल्कि यह महिलाओं की स्वतंत्रता, सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि हर लखपति दीदी इस बात की मिसाल है कि जब संकल्प और सामूहिक प्रयास जुड़ते हैं तो आत्मनिर्भरता केवल सपना नहीं, बल्कि हकीकत बन जाता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लखपति दीदी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

**उपराष्ट्रपति–राजनांदगांव–02**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन न सिर्फ नारी शक्ति की ताकत का प्रतीक है, बल्कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं अपना कौशल उन्नयन कर घर, परिवार और समाज को चलाने की ताकत रखती हैं।

इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

राजनांदगांव प्रवास के दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने पांच करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उदयाचल मल्टीस्पेशलिटी आई केयर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ भी किया।

**एयर शो**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की पच्चीसवीं वर्षगांठ पर आज नवा रायपुर के सेंध जलाशय के पास भारतीय वायुसेना की प्रतिष्ठित "सूर्यकिरण" एरोबेटिक टीम ने रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह के साथ हजारों लोगों ने इस अद्भुत और रोमांचक एयर शो का आनंद लिया। सेंध जलाशय के ऊपर वायुसेना के नौ लड़ाकू विमानों ने एक के बाद एक कई हवाई करतब दिखाए। इन विमानों से जब आकाश में तिरंगा लहराया तो सेंध जलाशय पर ''भारत माता की जय के नारे गूंज उठे।

वायुसेना की इस "सूर्यकिरण" टीम में छत्तीसगढ़ निवासी स्क्वॉड्रन लीडर गौरव पटेल भी शामिल थे।

**बिलासपुर–ट्रेन हादसा**

बिलासपुर स्टेशन के पास कल देर शाम हुए रेल हादसे में जान गवाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़कर ग्यारह हो गई है। जबकि, बीस अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज बिलासपुर के सिम्स, अपोलो, रेलवे और अरपा मेडिसिटी अस्पताल में चल रहा है। प्रत्येक घायल यात्री को तत्काल राहत के तौर पर पचास हजार रूपये की अनुग्रह सहायता राशि दी गई है। देर रात तक राहत और बचाव कार्य चलता रहा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली से इस घटना के बारे में जानकारी ली और मुस्तैदी के साथ राहत और बचाव कार्य चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

छत्तीसगढ़ सरकार ने इस रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रूपये और घायलों को पचास हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर के विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर घायल मरीजों के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और डॉक्टरों से चर्चा कर उनके बेहतर इलाज के निर्देश दिए। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री साव ने कहा कि यह हादसा दुखद है और प्रभावित परिवारों के साथ उनकी संवेदना है।

इस बीच, रेल हादसे के बाद कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है, आज सुबह इस ट्रैक पर रेल यातायात को सामान्य कर दिया गया है।

## राज्य अलंकरण–घोषणा–01

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समापन अवसर पर जिन विभूतियों को राज्य अलंकरण समारोह से सम्मानित किया जा रहा है, उनके नाम इस प्रकार है। इस वर्ष शहीद वीरनारायण सिंह सम्मान हिरेश सिन्हा को और यति यतनलाल सम्मान भारतीय कुष्ठ निवारक संघ को दिया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में गुंडाधूर सम्मान ज्ञानेश्वरी यादव को और मिनीमाता सम्मान ललेश्वरी साहू को दिया जा रहा है। वहीं, गुरु घासीदास सम्मान भुवनदास जांगड़े और शशि गायकवाड़ को दिया जा रहा है। इसी तरह, ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित डोमा को तथा हबीब तनवीर सम्मान के लिए डॉक्टर कुंज बिहारी शर्मा को चुना गया है। महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान चांदनी साहू, पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान राजेश अग्रवाल और पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान डॉक्टर चित्तरंजन कर को दिया जा रहा है। जबकि, चक्रधर सम्मान के लिए पंडित कीर्ति माधव लाल व्यास और दाऊ मंदराजी सम्मान के लिए रिखी क्षत्रिय को चुना गया है। डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार थनेन्द्र कुमार साहू और वामन कुमार टिकरिहा तथा महाराजा अग्रसेन सम्मान राजेंद्र अग्रवाल को दिया जा रहा है।

## राज्य अलंकरण–घोषणा–02

वहीं, पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दी प्रिंट मीडिया में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के लिए डॉक्टर संदीप कुमार तिवारी को चुना गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए यह पुरस्कार डॉक्टर सोमेश कुमार पटेल और अभिषेक शुक्ला को दिया जा रहा है।

मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार भावना पांडेय को, दानवीर भामाशाह सम्मान नीरज कुमार बाजपेयी को, धन्वंतरि सम्मान डॉक्टर अजय कृष्ण कुलश्रेष्ठ को और बिलासादेवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार सुखदेव दास को दिया जा रहा है। डॉक्टर भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा सम्मान

जंगो रायतार विद्या केतुल शिक्षण संस्था को, रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार मिथलेश कुमार आदिल और दुर्ग की अग्रसर टीम तथा एनटीपीसी लिमिटेड लारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट पुसौर को प्रदान किया जा रहा है। वहीं, पंडित लखनलाल मिश्र सम्मान के लिए योगेश कुमार साहू को, छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान के लिए मनीष तिवारी को, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार के लिए रोहित कुमार कोसरिया को, किशोर साहू सम्मान के लिए सुनील सोनी को लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान के लिए राकेश तिवारी को, लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार के लिए डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा को और किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण के लिए अनुराग बसु को चुना गया है।

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान खेमचंद जैन, डॉक्टर सुरेश मणि त्रिपाठी, डॉक्टर भूपेंद्र करवन्दे और भरतलाल सोनी को दिया जा रहा है। वहीं, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रेमशीला बघेल को, माता बहादुर कलारिन सम्मान शिल्पा पांडेय सृष्टि को, पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मक सम्मान अवधेश कुमार को और संस्कृति भाषा सम्मान डॉक्टर दादू भाई त्रिपाठी को दिया जा रहा है।

**छत्तीसगढ़ टेक स्टार्ट**

नवा रायपुर में आयोजित 'छत्तीसगढ़ टेक स्टार्ट' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'आइडियाथॉन' के विजेताओं को सम्मानित किया और राज्य शासन के साथ पार्टनरशिप एक्सचेंज करने वाली इकाइयों को समझौता पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'आइडियाथॉन' में प्रदेशभर से अट्ठारह सौ से अधिक स्टार्टअप आइडिया प्राप्त हुए, जिनमें दूरस्थ अंचलों के युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

**गुरूनानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा**

सिखों के प्रथम गुरु और सिख पंथ के संस्थापक गुरुनानक देवजी की जयंती आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।
गुरुनानक का जन्म नानकशाही कैलेंडर में कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन हुआ था। इस मौके पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में नगर–कीर्तन निकाला गया।

वहीं, आज कार्तिक पूर्णिमा भी है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने नदियों में पवित्र स्नान कर भगवान शिव की आराधना की। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मेले भी लगाए गए हैं। रायपुर के महादेवघाट स्थित खारून नदी के तट पर पुन्नी मेले का आयोजन किया जा रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

– भारतमाला परियोजना में मुआवजा वितरण के नाम करीब बत्तीस करोड़ रूपये के घोटाले के मामले में गिरफ्तार किए गए तीन पटवारियों को चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

और

– जांजगीर–चांपा जिले में पड़रिया गांव के पास एक मालवाहक वाहन के पलट जाने से इसमें सवार दस लोग घायल हो गए हैं। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जाती है।